भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-389
बुधवार, 06 फरवरी, 2019/17 माघ, 1940 (शक)

बेरोजगारी की बढ़ती दर

389. डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डीः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों में लगभग सभी राज्यों में बेरोजगारी दर बढ़ गयी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि हाल ही के वर्षों में आर्थिक विकास के अनुरूप नौकरियों का सृजन नहीं हो पाया है;
(घ) यदि हां, क्या सरकार ने कारणों का पता लगाने और उपचारात्मक उपाय करने के लिए कोई अध्ययन किया है; और
(ङ) शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी दर कितनी है, तत्संबंधी वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा रोजगार-बेरोजगारी पर आयोजित किए गए श्रम बल सर्वेक्षणों के उपलब्ध परिणामों के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों हेतु अनुमानित बेरोजगारी दर 2012-13, 2013-14 एवं 2015-16 में क्रमशः 4.0%, 3.4% एवं 3.7% थी। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे अनुबंध-। में दिए गए हैं।

(ग एवं घ): देश में रोजगार एवं बेरोजगारी की स्थिति का निर्धारण करने के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 2017-18 के दौरान सावधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की शुरूआत की।

(ङ) श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा रोजगार-बेरोजगारी पर आयोजित किए गए श्रम बल सर्वेक्षणों के उपलब्ध परिणामों के अनुसार, देश में सामान्य प्रमुख स्थिति आधार पर 18-29 वर्षों के आयु वर्ग के शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति अनुबंध-।। में दिए गए हैं।

अनुबंध- I

राज्य सभा के दिनांक 06.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 389 के भाग (क एवं ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

सामान्य प्रमुख एवं सहायक स्थिति आधार पर 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	बेरोजगारी दर (% में)		
		2012-13	**2013-14**	**2015-16**
1	आंध्र प्रदेश	**2.3**	**2.9**	**3.5**
2	अरुणाचल प्रदेश	**10.2**	**6.7**	**3.9**
3	असम	**4.3**	**2.9**	**4.0**
4	बिहार	**5.8**	**5.6**	**4.4**
5	छत्तीसगढ़	**1.3**	**2.1**	**1.2**
6	दिल्ली	**5.3**	**4.4**	**3.1**
7	गोवा	**9.9**	**9.6**	**9.0**
8	गुजरात	**2.3**	**0.8**	**0.6**
9	हरियाणा	**4.3**	**2.9**	**3.3**
10	हिमाचल प्रदेश	**2.8**	**1.8**	**10.2**
11	जम्मू और कश्मीर	**8.2**	**8.2**	**6.6**
12	झारखंड	**5.9**	**1.8**	**2.2**
13	कर्नाटक	**1.8**	**1.7**	**1.4**
14	केरल	**9.6**	**9.3**	**10.6**
15	मध्य प्रदेश	**1.8**	**2.3**	**3.0**
16	महाराष्ट्र	**3.2**	**2.2**	**1.5**
17	मणिपुर	**2.2**	**3.4**	**3.4**
18	मेघालय	**3.5**	**2.6**	**4.0**
19	मिजोरम	**2.2**	**2.0**	**1.5**
20	नागालैंड	**6.2**	**6.7**	**5.6**
21	ओडिशा	**5.1**	**4.3**	**3.8**
22	पंजाब	**4.7**	**5.4**	**5.8**
23	राजस्थान	**2.3**	**3.1**	**2.5**
24	सिक्किम	**12.2**	**7.1**	**8.9**
25	तमिलनाडु	**3.6**	**3.3**	**3.8**
26	तेलंगाना	**0.0**	**3.1**	**2.7**
27	त्रिपुरा	**8.4**	**6.2**	**10.0**
28	उत्तराखंड	**4.5**	**5.5**	**6.1**
29	उत्तर प्रदेश	**4.9**	**4.0**	**5.8**
30	पश्चिम बंगाल	**5.9**	**4.2**	**3.6**
31	अंडमान एवं निकोबार द्वीप	**9.8**	**13.0**	**12.0**
32	चंडीगढ़	**5.6**	**2.8**	**3.4**
33	दादरा और नगर हवेली	**1.2**	**4.6**	**2.7**
34	दमन और दीव	**1.2**	**6.6**	**0.3**
35	लक्षद्वीप	**10.2**	**10.5**	**4.3**
36	पुडुचेरी	**10.1**	**8.8**	**4.8**
	अखिल भारत	**4.0**	**3.4**	**3.7**

स्रोत: श्रम ब्यूरो के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण

अनुबंध- II

राज्य सभा के दिनांक 06.02.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 389 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

सामान्य प्रमुख स्थिति आधार पर 18-29 वर्षों के आयु वर्ग के शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों का राज्य/संघ क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	शिक्षित बेरोजगार (% में)		
		2012-13	2013-14	2015-16
1	आंध्र प्रदेश	4.2	6.4	5.7
2	अरुणाचल प्रदेश	18.0	18.0	10.5
3	असम	8.5	9.1	6.3
4	बिहार	6.7	8.2	6.2
5	छत्तीसगढ़	1.9	4.5	2.8
6	दिल्ली	6.3	5.7	2.7
7	गोवा	9.1	13.4	11.9
8	गुजरात	2.7	1.4	1.0
9	हरियाणा	5.3	5.2	4.3
10	हिमाचल प्रदेश	9.9	13.2	10.9
11	जम्मू और कश्मीर	10.4	9.5	6.2
12	झारखंड	10.6	8.5	8.2
13	कर्नाटक	2.4	2.6	1.9
14	केरल	13.3	16.1	11.2
15	मध्य प्रदेश	3.1	4.1	2.9
16	महाराष्ट्र	5.6	4.0	2.6
17	मणिपुर	4.0	9.8	5.8
18	मेघालय	5.9	6.3	4.2
19	मिजोरम	4.2	6.6	3.3
20	नगालैंड	9.7	11.2	10.5
21	ओडिशा	8.1	9.4	6.1
22	पंजाब	6.1	7.1	5.8
23	राजस्थान	3.7	6.4	5.4
24	सिक्किम	22.8	23.5	22.6
25	तमिलनाडु	6.3	5.7	6.0
26	तेलंगाना	-	5.6	3.3
27	त्रिपुरा	15.9	17.1	16.9
28	उत्तराखंड	6.0	8.3	6.6
29	उत्तर प्रदेश	6.7	6.8	6.2
30	पश्चिम बंगाल	10.4	6.6	5.4
31	अंडमान एवं निकोबार द्वीप	8.3	19.4	15.4
32	चंडीगढ़	6.3	2.4	3.9
33	दादरा और नगर हवेली	0.3	4.1	2.7
34	दमन और दीव	1.8	5.2	0.3
35	लक्षद्वीप	12.0	14.8	7.5
36	पुडुचेरी	17.4	9.3	8.3
	अखिल भारत	6.1	6.3	5.1

स्रोत: श्रम ब्यूरो के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण